भारत स्काउट्स एवं गाइड्स
राष्ट्रीय मुख्यालय
पता : लक्ष्मी मजूमदार भवन, 16 महात्मा गाँधी मार्ग, इंद्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली - 110002

वेबसाइट : www.bsgindia.org ईमेल आई डी : info@bsgindia.org दूरभाष : +91-11-23370724,23378667

परिपत्र संख्या : **61 / 2020**

*दिनांक : 09 मई, **2020***

प्रति,

समस्त राज्य मुख्य आयुक्त

भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ,

भारतीय संघ

विषय :—कोविड—19 योद्धाओं के रुप में भारत सरकार के युवा पोर्टल में पंजीकरण के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :—30.04.2020 को आयोजित आभासी राष्ट्रीय योजना समिति की बैठक।

महोदय / महोदया,

हम सभी लोग देश में कोविड—19 महामारी के खिलाफ लड़ने हेतु विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाओं को आयोजित कर राज्य / जिला एवं स्थानीय प्रशासन के साथ जुड़ने तथा प्रतिबद्धता एवं समर्पण के साथ उनको सहयोग प्रदान करने हेतु भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के अपने राज्य संध के सदस्यों को प्रोत्साहित एवं प्रेरित करने हेतु आपको धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

मैं आपका ध्यान 30.04.2020 को आयोजित हुई आभासी राष्ट्रीय योजना समिति की बैठक के दौरान 16 से 25 वर्ष के हमारे युवा सदस्यों जैसे— रोवर्स एवं रेंजर्स तथा यूनिट लीडर्स का कोविड—19 योद्धाओं के रुप में भारत सरकार के युवा पोर्टल में पंजीकरण के सम्बन्ध में हुई चर्चाओं पर आकर्षित करना चाहूँगा। उक्त बैठक के दौरान माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त ने सभी राज्य मुख्य आयुक्तों से **"अपील"** की थी कि वे सदस्यों के पंजीकरण की निगरानी सुनिश्चित करने हेतु राज्य संघ के सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश जारी करें। इस सम्बन्ध में पंजीकरण शुरु करने हेतु राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा सभी राज्यों को निम्न परिपत्र जारी किये जा चुके हैं।

1—राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या—52 / 2020 दिनॉक 29.04.2020— स्काउट्स एवं गाइड्स, रोवर्स एवं रेंजर्स तथा यूनिट लीडर्स से गूगल फॉर्म में पंजीकरण करने की अपील।

2—राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या—42 / 2020 दिनॉक 08.04.2020— आईगोट (समन्वित सरकारी ऑनलाइन प्रशिक्षण) कोविड—19 महामारी पर दीक्षा मंच के माध्यम से प्रशिक्षण पाठ्यक्रम।

हम एक बार पुनः आपसे इस मामले में सहयोग करने हेतु **"अपील"** करते हैं तथा **राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या—52 / 2020** के अनुसार 16 से 25 वर्ष की आयु के रोवर्स एवं रेंजर्स तथा यूनिट लीडर्स का **गूगल फार्म** में पंजीकरण कराना तथा राष्ट्रीय मुख्यालय परिपत्र संख्या—42 / 2020 के अनुसार दीक्षा मंच पर आईगोट प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु शीघ्र पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें (**दोनों परिपत्रों की प्रतियॉ संलग्न है**) क्योंकि हमें पंजीकृत युवा सदस्यों की सूची 15 मई 2020 तक युवा मामले एवं खेल मंत्रालय को सोंपनी है। **यह अनुरोध है कि संबंधित अधिकारी को 12 मई, 2020 तक युवा सदस्यों के पंजीकरण को गूगल फार्म में पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया जाये** ताकि उन्हें समेकित कर निर्धारित समयावधि में मंत्रालय को प्रस्तुत किया जा सके।

भारत सरकार के कोविड योद्धा यूथ पोर्टल में पंजीकरण करना सरकार द्वारा कोविड—19 महामारी का मुकाबला करने के लिए भारत सरकार द्वारा शुरु की गई योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन की दिशा में पहल का समर्थन करना है जो देश में संगठन की दृश्यता पर भी प्रभाव पैदा करेगा।

हम इस सम्बन्ध में आपकी ओर से सहयोग एवं अनुकूल कार्यवाही की आशा करते हैं।

साभिवादन,

भवदीय

(राज कुमार कौशिक)
निदेशक

प्रतिलिपि प्रस्तुतः— माननीय मुख्य राष्ट्रीय आयुक्त, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की सेवा में सादर सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि :—

1. समस्त राष्ट्रीय मुख्यालय पदाधिकारी, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय।
2. अध्यक्ष / सचिव, रेल्वे स्काउट एवं गाइड बोर्ड, रेल भवन, नई दिल्ली।
3. आयुक्त, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्यूशनल एरिया, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली—110016।
4. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, इंस्टीट्यूशनल एरिया, बी—15, सेक्टर—62, नोएडा, उत्तर प्रदेश—201309।
5. समस्त राज्य सचिव, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स राज्य संघ, भारतीय संघ।
6. समस्त जिला सचिव, दम्माम, रियाद, मस्कट एवं जमीयत यूथ क्लब को आवश्यक कार्यवाही हेतु निवेदन के साथ।
7. समस्त सहायक निदेशक, भारत स्काउ्स एवं गाइड्स, क्षेत्रीय मुख्यालयों को अनुसरण हेतु।